## हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 20 फ़रवरी 2026, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा - भारत का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र बहुत जल्द वाणिज्यक उत्पादन शुरू करेगा।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ब्राजील के साथ प्राकृतिक और जैविक खेती और अन्य कई क्षेत्रों मे सहयोग के लिए समझौता किया जाएगा।
- आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन दिवंगत महान विभूतियों और वीर सैनिकों के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।
- हरियाणा सरकार ने आवासन बोर्ड को भंग कर इसका हरियाणा विकास प्राधिकरण मे विलय किया।
- हरियाणा के राज्यपाल प्रौफेसर असीम कुमार घोष ने कहा - हरियाणा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और लागत कम करने के लिए बहुआयामी नीतियां अपनाई हैं।

-----------------------------------------------------------------------------------------

---------------------

भारत और अमरीका ने आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में पैक्स सिलिका घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर किए। यह घोषणा-पत्र महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर के उत्पादन तथा तेजी से विकसित हो रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------

---------------------

केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र बहुत जल्द वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करेगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------

------------------------

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में ब्राजील के कृषि मंत्री कार्लोस फवारो के साथ मुलाकात की। मीडिया से बात करते हुए श्री चौहान ने कहा कि बैठक के दौरान ब्राजील के कृषि मंत्री और उनकी टीम के साथ कृषि क्षेत्र में उपयोगी चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- और ब्राजील के समकक्ष कई क्षेत्रों में सहयोग करेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि ब्राजील ने प्राकृतिक और जैविक खेती में काफी रुचि दिखाई है और भारत में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए भी सहमत हो गया है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के प्रथम दिन सदन में महान विभूतियों, उनके सगे-संबंधियों तथा वीर सैनिकों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक प्रस्ताव पेश करते हुए शोक-संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। विपक्ष सहित सभी सदस्यों ने शोक प्रस्ताव का समर्थन किया। आज जिनके निधन पर शोक व्यक्त किया गया उनमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार, भूतपूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र कुमार मदान, हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व सदस्य आनंद कौशिक शामिल हैं। सदन में प्रदेश के उन वीर सैनिकों को अश्रुपूर्ण नमन किया गया, जिन्होंने मातृभूमि की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने भी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और आदित्य चौटाला ने भी अपनी पार्टी की ओर से दिवंगतों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। सदन में सभी दिवंगत आत्माओं की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने आवासन बोर्ड हरियाणा को भंग कर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में इसका विलय कर दिया है। यह विलय प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने , नागरिकों को बेहतर आवासन

सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा शहरी योजना एकीकरण में सुधार के उद्देश्य से किया गया है। मुख्यमंत्री आज बजट सत्र के पहले दिन हरियाणा विधानसभा में सरकारी संकल्प पेश करते हुए बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आवासन बोर्ड और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, दोनों के कार्य लगभग एक समान थे। उन्होंने आश्वस्त किया कि आवासन बोर्ड हरियाणा में कार्यरत सभी कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। अब बोर्ड की सभी जिम्मेदारियां हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की होंगी।

---

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने हरियाणा बजट सत्र के पहले दिन अपने अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, लागत कम करने और उनके जोखिम को न्यूनतम करने के लिए बहुआयामी रणनीतियां अपनाई हैं। राज्यपाल ने कहा कि मृदा की उपजाऊ शक्ति बनाए रखने के लिए प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब तक 7 हजार 580 किसान 18 हजार 559 एकड़ ज़मीन पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इसके अलावा, 163 गांवों में 1 लाख 58 हजार एकड़ लवणीय और जलभराव वाली भूमि को खेती योग्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को जोखिमों से बचाने के लिए, खरीफ–2016 से 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के तहत 9 हजार 243 करोड़ रुपये के क्लेम दिए गए हैं। 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के तहत, 21 किस्तों में 7 हजार 235 करोड़ रुपये किसानों के बैंक खातों में सीधे डाले गए हैं। प्रोफ़ेसर घोष ने कहा कि सहकारी क्षेत्र में रेवाड़ी और कुरुक्षेत्र में नई तेल मिलें लगाने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं और जाटूसाना में एक आधुनिक आटा मिल का उद्घाटन किया गया है।राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार सतलुज-यमुना लिंक नहर बनाने के लिए पूर्णतः वचनबद्ध हैं। राज्यपाल ने महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही 'ड्रोन दीदी योजना" जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश में 1 लाख 6 हजार 325 महिलाएं 'लखपति दीदी' बन गई हैं। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा तीन नए आपराधिक कानूनों को पूर्ण रूप से लागू करने में हरियाणा देश में दूसरे स्थान पर है। प्रदेश सरकार की महिलाओं के प्रति सुरक्षा की प्रतिबद्धता से महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 16 प्रतिशत की कमी आई है। साइबर अपराध के खिलाफ संघर्ष में हरियाणा देश में सबसे

आगे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 4-5 वर्षों में अनुसूचित जाति की महिलाओं के खिलाफ हुए अपराधों में कमी आई है। राज्यपाल ने जानकारी दी कि पुलिस बल के आधुनिकीकरण पर 300 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है और 5,500 नए पुलिस सिपाहियों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है

---------------------------------------------------------------------------------------------

--------------------

कुरुक्षेत्र  विश्वविद्यालय में आज भारत रणभूमि दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने कारगिल युद्ध के योद्धाओं तथा वीर नारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान द्वारका से 3400 किलोमीटर की यात्रा तय कर कुरुक्षेत्र पहुंची 'भारत रणभूमि दर्शन यात्रा' का भी स्वागत किया गया। पत्रकारों से बातचीत में सांसद नवीन जिंदल ने कहा -

सांसद ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा यात्रा निकालकर उन स्थलों को नमन किया जा रहा है, जहां देश की सुरक्षा के लिए वीर जवानों ने बलिदान दिया। ऐसी यात्राएं समाज को प्रेरणा देती हैं और नई पीढ़ी को देशभक्ति व समर्पण का संदेश देती हैं।

---

रोहतक पुलिस की अपराध जांच शाखा ने आज सांपला मे एक गाड़ी सवार युवक को 4 किलो 200 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ मे उसने बताया कि वह यह चरस उत्तराखंड से लेकर आया था और आसपास के क्षेत्र मे सप्लाई की जानी थी। आरोपी की पहचान रोहतक जिले के गांधरा गाँव निवासी विनोद के रूप मे हुई।

---------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा है कि हरियाणा का आने वाला बजट नायाब व शानदार होगा। उन्होंने भिवानी मे कहा कि भाजपा ने बजट बनाने की प्रथा बदली है । अब बजट हर वर्ग से राय लेकर बनता है । हरियाणा काँग्रेस द्वारा मनरेगा का नाम बदलने को लेकर 25 फरवरी को विधानसभा के घेराव के ऐलान पर जेपी दलाल ने कहा कि समय के साथ बदलाव होता है , मनरेगा मे बदलाव हरियाणा मे कोई मुद्दा नहीं है ।